!!POLICE KANPUR DEHAT!!

थाना राजपुर

दिनांक-18.05.2026

प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनाँक- 18.05.2026

* आवेदक को साइबर ठगों द्वारा स्वयं को CBI अधिकारी बताकर तथा उसके मोबाइल फोन पर कथित रूप से आपत्तिजनक सामग्री देखने के संबंध में डरा धमकाकर साइबर ठगी करने की शिकायत साइबर हेल्प डेस्क थाना राजपुर पर दर्ज करायी गयी थी।

* थाना राजपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि ₹ 53,781/- को वापस कराया गया।

कृपया अवगत कराना है कि अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता/आवेदक श्री **देवेन्द्र शर्मा पुत्र रामप्रकाश शर्मा**, निवासी **ग्राम सिलहारा, थाना राजपुर, जनपद कानपुर देहात** द्वारा दिनांक **11.01.2026** को अज्ञात साइबर ठगों द्वारा स्वयं को CBI अधिकारी बताकर तथा उसके मोबाइल फोन पर कथित रूप से आपत्तिजनक सामग्री देखने के संबंध में डरा धमकाकर ₹65,499/- की साइबर ठगी करने की शिकायत साइबर हेल्प डेस्क थाना राजपुर पर दर्ज करायी गयी थी। जिस पर थाना राजपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 18.05.2026 को शिकायतकर्ता/आवेदक के खाते में ₹53,781/- वापस कराये गये तथा शेष धनराशि का बरामदगी हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने पुलिस का धन्यवाद दिया।

1.मोबाइल फोन खोने पर सीईआईआर पोर्टल व संचार साथी एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत दर्ज करें- https://www.ceir.gov.in

2.आनलाइन फ्राड खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या https://www.cybercrime.gov.in/ पर शिकायत दर्ज करे।

वापस करायी गयी धनराशि-

₹ 53,781/-

धनराशि वापस कराने वाली साइबर क्राइम पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री सनत कुमार
2. का0 636 शिवप्रकाश पाल